# भाजपा के राज में घोटालेबाजों को खुला संरक्षण : सूर्यकांत धस्माना

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की धामी सरकार ने घोटालेबाजों को खुल्लम खुल्ला संरक्षण है, यह आरोप शनिवार को किशनपुर में कांग्रेस के नव नियुक्त महानगर अध्यक्ष डा. जसविंदर सिंह गोगी और महानगर महिला कांग्रेस की नव नियुक्त अध्यक्षा उर्मिला थापा के अभिनंदन समारोह में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और एआईसीसी सदस्य सूर्यकांत धस्माना ने लगाए।
प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष धस्माना ने कहा कि देश और प्रदेश में भी बेरोजगारी अपने चरम पर है।
पिछले 75 वर्षों में देश की जनता ने ऐसी बेरोजगारों कभी



नहीं झेली। उन्होंने कहा कि 2014 में देश के युवाओं से दो करोड़ रोजगार हर वर्ष देने का वादा करने वाले नरेन्द्र मोदी आज बेरोजगारी पर बात करने को तैयार नहीं। उन्होंने कहा कि न खाऊंगा ना खाने दूंगा की बात करने वाले प्रधानमंत्री आज अडानी मामले में लगे आरोपों का जवाब देने का साहस नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यही हाल उत्तराखंड में हैं, प्रदेश में बेरोजगारों के साथ हुए सबसे बड़े विश्वासघात भर्ती घोटाले की जांच सीबीआई से कराए जाने की मांग पूरा विपक्ष और बेरोजगार युवा कर रहे हैं लेकिन सरकार बजाय सीबीआई की जांच की सिफारिश करने वाले युवाओं को जेल भेज रही है।
धस्माना ने महिला कांग्रेस की नव नियुक्त अध्यक्ष उर्मिला थापा को बधाई देते हुए कहा कि वह अपने राजपुर वार्ड की पार्षद की भूमिका के साथ न्याय करते हुए पूरे महानगर में भी महिलाओं को संगठित करने का काम करेंगी।
कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष डॉक्टर गोगी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा व मेहनत से महानगर में पार्टी को मजबूत कर जन सरोकार के लिए संघर्ष करेंगे।
नवनियुक्त महिला कांग्रेस अध्यक्षा उर्मिला थापा ने कहा कि वे पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन ले कर पूरे महानगर में पहले वार्ड स्तर पर और फिर बूथ स्तर पर महिला संगठन को मजबूत करेंगी।
इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस की महामंत्री गोदावरी थापली, आशा मनोरमा शर्मा, मोहन थापली, मुकेश कुमार, रिजवान अहमद, अभिषेक तिवारी,अनुज दत्त शर्मा आदि उपस्थित थे।

# डीजेजेएस द्वारा कलश यात्रा निकाल कर समाज को देवी माँ की शाश्वत भक्ति से जुड़ने का दिया संदेश

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा 9 से 15 अप्रैल 2023 तक श्री गुरु नानक पब्लिक महिला इन्टर कॉलेज ग्राउन्ड, निकट बन्नू स्कूल रेस कोर्स, देहरादून, उत्तराखंड में होने वाली श्रीमद देवी भागवत कथा का शुभारंभ करने के लिए देहरादून क्षेत्र में शनिवार को कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें विशाल संख्या में गुरुदेव के शिष्यों सहित विनोद चमोली (विधायक, धर्मपुर विधानसभा), भी सम्मलीत हुए और अपने शीश पर कलश धारण कर के इस भव्य कलश यात्रा में भाग लिया। गुरुदेव आशुतोष महाराज (संस्थापक एवं संचालक, डीजेजेएस) की शिष्या सुप्रसिद्ध कथाव्यास, साध्वी अदिति भारती कथा का वाचन करेंगी। कथा का समय सायं 4 से रात्रि 8 बजे तक का रहेगा। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं की प्रार्थनाओं व उनकी दिव्य तरंगों के माध्यम से वातावरण में शांति और एकता का संदेश दिया गया। संस्थान का मुख्य उद्देश्य विश्व में शांति की स्थापना करना है। यह उद्देश्य प्रत्येक हृदय में ब्रह्मज्ञान की शाश्वत विधि द्वारा शांति स्थापित कर के ही यथार्थ पूर्ण किया जा सकता है।
एक जाग्रत आत्मा में ही दूसरों को जगाने व विश्व में शांति की स्थापना करने की शक्ति होती है। हमारी मौजूदा सभी समस्याओं का मूल है झअनियंत्रित मन। जिसका एकमात्र समाधान है ब्रह्मज्ञान, क्योंकि ब्रह्मज्ञान की ध्यान साधना द्वारा ही अनियंत्रित मन को नियंत्रित किया जा सकता है। शास्त्रों में स्पष्ट वर्णन है कि समय के पूर्ण गुरु ही व्यक्ति को ब्रह्मज्ञान प्रदान करने का सामर्थ्य रखते हैं। निःसंदेह, आध्यात्मिक रत्नों को लिए, डीजेजेएस द्वारा आयोजित श्रीमद देवी भागवत कथा सभी वर्गों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी। देहरादून, उत्तराखंड के निवासियों को उनकी व्यस्त दिनचर्या से कथा के लिए समय निकालकर लाभान्वित होने की प्रेरणा प्रदान करने में कलश यात्रा कारगर सिद्ध हुई। यह कथा सब के लिए सुख व शांति का स्रोत सिद्ध होगी।

# न्यूगो ने भारत की पहली इलेक्ट्रॉनिक एसी बस सर्विस लॉन्च की

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
न्यूगो भारत में पहली प्रीमियम इलेक्ट्रिक एसी बस सर्विस शुरू करके इंडियन ट्रैवल इंडस्ट्री में बदलाव के लिए तैयार है। यह बस सर्विस दिल्ली.देहरादून को आपस में जोड़ती है। इसमें दिल्ली शहर के सारे लोकप्रिय पिकअप प्वाइंट्स को शामिल किया गया है जैसे आईएसबीटी कश्मीरी गेट पीएफ1, जमुना बाजार, न्यूगो लाउंज,आर के आश्रम,आईएसबीटी आनंद विहार और नोएडा सेक्टर-62 अंडरपास,देहरादून के मशहूर पिकअप प्वाइंट्स में आईएसबीटी देहरादून,रिस्पना फ्लाईओवर,ऋषिकेश,हरिद्वार और रुड़की शामिल हैं।दिल्ली, देहरादून के अलावा न्यूगो दूसरे पॉपुलर डेस्टिनेशन्स को भी जोड़ता है जैसे दिल्ली,चंडीगढ़,दिल्ली,जयपुर और दिल्ली.आगरा। न्यूगो की प्राथमिकता अपने पैसेंजर्स को सेफ्टी,आराम और इकोफ्रेंडली सर्विस देनाहै जिससे उन्हें सफर का एक बेमिसाल अनुभव मिल सके। न्यूगो की टीम अपने पैसेंजर्स को सबसे आरामदायक ट्रैवल का अनुभव देने के लिए पूरी तरह से तैयार है । जिसके लिए उनकी बसों में सीसीटीवी सर्विलांस, आरामदायक सीटें और अच्छी ट्रेनिंग पाए हुए कोच होस्ट शामिल हैं जो किसी भी सहायता के लिए हर समय तैयार रहते हैं कंपनी समय पर बस के प्रस्थान की गारंटी देती है पैसेंजर्स को वेटिंग के समय आरामदायक अनुभव देने के लिए न्यूगो ने चुनिंदा हरों में लाउन्ज भी लांच करें हैं,ट्रैवल के परंपरागत तरीके से अलग एक सस्टेनेबल विकल्प देकर न्यूगो इलेक्ट्रिक कोच सर्विस के जरिए अर्बन इलाकों में पॉल्यूशन के स्तर को कम करने में अपना योगदान दे रही है। न्यूगो जीरो टेल पाइप उत्सर्जन पैदा करती है जो अपने इकॉलॉजिकल कार्बन फुटप्रिंट को लेकर चिंतित पैसेंजरों को एक एनवायरमेंट फ्रेंडली विकल्प देता है।

## कछुओं के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जिले में कछुओं की तस्करी का मामला सामने आया है। पुलिस ने खानपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत गांव गोवर्धनपुर से दो वन तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से पुलिस ने संरक्षित प्रजाति के जलीय जीव कछुए बरामद किए हैं। गोवर्धनपुर चौकी प्रभारी नवीन चौहान अपनी टीम के साथ गोवर्धनपुर गांव के पास चेकिंग कर रहे थे। तभी वहां दो बाइक सवार पुलिस को देखकर सकपका कर भागने का प्रयास करने लगे। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों युवकों को दबोच लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम अरुण और दीपक बताया। दोनों आरोपित पथरी थाना क्षेत्र गांव धनपुरा की सपेरा बस्ती के निवासी हैं।

# प्रशासन की कवायद ध्वस्त, जाम ने पुलिस का बिगाड़ा समीकरण

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
चारधाम यात्रा सीजन को देखते हुए पुलिस प्रशासन की गई कवायद बेअसर दिखाई दे रही है। गुड फ्राइडे के अवकाश के बाद शनिवार को भी तीर्थ नगरी में जबरदस्त जाम देखने को मिला। इसके चलते नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने 53 ई रिक्शा चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर चालान काटे गए।
चारधाम यात्रा के मद्देनजर पर्यटकों, श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों को कोई भी दिक्कत न हो इसके लिए पुलिस की ओर से एक प्लान तैयार किया गया था। इसके तहत जयराम चौराहे से चंद्रभागा पुल तक जीरो जोन घोषित किया गया था। मगर पुलिस का यह ट्रैफिक प्लान



चार दिन में ही फेल दिखाई देने लगा।
शनिवार को हरिद्वार रोड समेत शहर के अधिकांश प्रमुख मार्गों एवं बाजारों पर लोग जाम में परेशान होते दिखे। प्रतिबंधित किए जाने के बावजूद बाजारों और गलियों से बड़े-छोटे वाहनों की एंट्री ने यातायात का गणित बिगाड़ दिया। पुलिस प्रशासन के दावों के बावजूद चौक-चौराहों और जरूरी नाकों पर होमगाड्र्स भी नदारद दिखे। इससे हालात और बेकाबू हो गए। हरिद्वार रोड़ पर तो हालात सबसे ज्यादा बदतर रहे। यहां पर्यटकों के साथ शहरवासियों को जाम से बाहर निकलने में मुश्किल झेलनी पड़ी। वीकेंड मनाने बड़ी संख्या में बाहरी राज्यों से वाहन ऋषिकेश में आए।
इसके परिणामस्वरूप ऋषिकेश और आसपास क्षेत्र में घंटों जाम लगा रहा। उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली प्रांत से बड़ी संख्या में पर्यटक ऋषिकेश और आसपास क्षेत्र में आए थे। सड़कों पर वाहनों की अत्यधिक संख्या के कारण जाम के हालात बन गए। इस कारण नेपाली फार्म क्षेत्र में ट्रैफिक को कुछ देर के लिए रोकना पड़ा।

## न्यूज फ्लैश

### स्कोडा स्लाविया को क्रैश सेफ्टी में मिले 5 स्टार

**देहरादून।** सुरक्षा और टूट-फूट के मामले में स्कोडा ऑटो इंडिया के टिकाऊ होने का दर्जा लगातार बढ़ रहा है, क्योंकि स्लाविया सेडान को हाल ही में ग्लोबल न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (ग्लोबल एनसीएपी) क्रैश टेस्ट्स में 5 में से पूरे 5-स्टार्स मिले हैं। स्लाविया इस प्रकार ग्लोबल एनसीएपी द्वारा परखी गई सबसे सुरक्षित कार भी बन गई है, भारत के लिये ज्यादा सुरक्षित कारों के मुद्दे को आगे बढ़ाती है और स्कोडा ऑटो इंडिया को भारत की एकमात्र निमार्ता बनाती है, जिसके पास क्रैश-टेस्टेड कारों से भरा बेड़ा है, जिन्हें वयस्को और बाल यात्रियों के लिये 5-स्टार्स मिले हैं। स्लाविया द्वारा स्थापित किये गये सुरक्षा मानकों पर अपनी बात रखते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्राण्ड डायरेक्टर पेट्र सोल्क ने कहा कि स्कोडा में अपनी रणनीति के तहत हम अपने ग्राहकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करते हैं। यह बताते हुए मैं खुश हूँ कि हमारी दूसरी इंडिया 2.0 कार स्लाविया को ग्लोबल एनसीएपी सुरक्षा परीक्षण में 5-स्टार रेटिंग मिली है। यह बात सुरक्षा, परिवार और मानवीय स्पर्श के हमारे ब्राण्ड के मूल्यों से पूरी तरह मेल खाती है। हम गंभीरता से अपने ग्राहकों की प्रशंसा करते हैं, जिन्होंने स्कोडा के उत्पाद खरीदने का फैसला लिया है और हम बहुत खुश हैं कि हम उनके लिये बाजार की सबसे सुरक्षित कारों की पेशकश कर सकते हैं।

### सोनी ने क्रिएटिव क्षमता को बढ़ाने वाले नए जेडवी-1एफ व्लॉग कैमरा के लॉन्च के साथ व्लॉगिंग लाइन-अप बढ़ाया

**देहरादून ।** सोनी ने आज नए व्लॉग कैमरा जेडवी-1एफ की घोषणा की। रचनात्मक शक्ति, उपयोग में आसान व्लॉगिंग फंक्शंस, उन्नत कनेक्टिविटी और पर्यावरण के अनुकूल खूबियों से सुसज्जित, यह नया विश्वसनीय कैमरा उन व्लॉगर्स और क्रिएटर्स के लिए अत्यंत उपयुक्त है जो अद्भुत तस्वीरें और वीडियो कैप्चर करना चाहते हैं। इस पॉकेट-साइज कैमरा को सोनी की नवीनतम तकनीक के साथ व्लॉगिंग के लिए अनुकूलित किया गया है ताकि सामग्री को सबसे अलग बनाया जा सके। सोनी इंडिया के डिजिटल इमेजिंग बिजनेस के हेड, मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि जेडवी-1एफ ऐसा कॉम्पैक्ट कैमरा है जिसे अगली पीढ़ी के कंटेंट क्रिएटर्स के व्लॉगिंग अनुभव को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। उच्च-गुणवत्ता वाली सामग्री की लगातार बढ़ती मांग के साथ, क्रिएटर्स को एक ऑल-इन-वन कैमरा की आवश्यकता होती है जो आसान होने के साथ-साथ बेहतर गुणवत्ता वाले आउटपुट प्रदान करता है। विशेष रूप से वायरलेस सामग्री साझा करने के लिए उपयोग और डिजाइन किया गया। हमने जेडवी-1एफ में पर्यावरण के अनुकूल सुविधाओं को भी शामिल किया है, जिसका उद्देश्य शून्य पर्यावरणीय पदचिन्ह प्राप्त करना है क्योंकि स्थिरता सोनी के प्रमुख फोकस क्षेत्रों में से एक है।

# हल्द्वानी की प्रसिद्ध लेखिका मीना ने साहित्य लेखन में पाया विशेष मुकाम

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के हल्द्वानी शहर की प्रसिद्ध लेखिका मीना अरोड़ा ने व्यंग्य और साहित्य लेखन में विशेष मुकाम हासिल किया है।
मीना अरोड़ा के चर्चित हास्य व्यंग्य उपन्यास ने व्यंग्य विधा को समृद्ध किया है। मीना व्यंग्य लेखन के साथ-साथ काव्य नाटक भी रच चुकी हैं। कविता, लघुकथा, कहानी, व्यंग्य, उपन्यास, डायरी लेखन आदि विधाओं पर उन्होंने अपनी लेखनी चलाई है और यह अनवरत चल रही है।
समाज और राजनीति में फैली विद्रूपताओं, विसंगतियों पर उनकी सदैव पैनी दृष्टि बनी रहती है। उनके गढ़े गए काल्पनिक पात्रों में भी

**8 मीना के हास्य व्यंग्य उपन्यास पुत्तल के पुष्पवटुक ने विदेशों में बसे भारतीयों को भी सम्मोहित किया है**

जीवंतता को देखा जा सकता है। वह अपने मुख्य पात्र में खुद को ढाल कर अपने लेखन को नए आयाम देती हैं। उनके लेखन के दबे कुचले पात्र अपने कमजोर स्वरूप से बाहर आकर लेखन के कथानक में परिवर्तन ले आते हैं और अपने चरित्र के सशक्त स्वरूप का परिचय देते हैं ।
मीना अरोड़ा के हास्य व्यंग्य उपन्यास पुत्तल के पुष्पवटुक ने विदेशों में बसे भारतीयों को भी



सम्मोहित किया है। पुत्तल का पुष्पवटुक उपन्यास पर नीदरलैंड और मॉरीशस में बसे प्रवासी साहित्यकारों ने 7 अप्रैल 2023 को ऑनलाइन परिचर्चा की। इस परिचर्चा में महाराष्ट्र के प्रबुद्ध साहित्यकारों ने भी अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। इसमें नीदरलैंड से जुड़े डॉ. नारायण मथुरा मुख्य अतिथि के रूप जुड़े। वे हिन्दी परिषद नीदरलैंड के अध्यक्ष भी हैं। उपन्यास का अंश वाचन डॉ. ऋतु शर्मा (नीदरलैंड) ने किया जो हालैंड और सूरीनाम में हिन्दी की प्रचारक के रूप में जानी जाती हैं। अश्विनी केंगावकर हिन्दी जगत की जानी मानी मंच संचालिका और कवयित्री (नीदरलैंड) ने आभार जताया।इस उपन्यास पर सविता तिवारी, लेखिका तथा पत्रकार, मॉरीशस ने मंतव्य प्रस्तुत किया । उपन्यास की परिचर्चा का संचालन ममता माली, मुंबई कालेज की प्राध्यापिका ने किया। पुस्तक की समीक्षा डॉ.कविता सुल्हयान ने की जो मिरज (महाराष्ट्र) के कॉलेज में प्राध्यापिका के पद पर हैं। इस परिचर्चा की अध्यक्षता डॉ.रविंद्र कात्यायन ने की, जो मुंबई में एक प्रसिद्ध पटकथा लेखक और निर्देशक के रूप में जाने जाते हैं। इस कार्यक्रम में डा.संजीव निगम की विशेष उपस्थिति रही, जो कि वरिष्ठ व्यंग्यकार और हिन्दुस्तानी प्रचार सभा मुंबई के निदेशक हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ कथाकार बलराम अग्रवाल (नई दिल्ली), वरिष्ठ व्यंग्यकार पिलकेन्द्र अरोड़ा (उज्जैन), जानी मानी लेखिका अलका अग्रवाल सिगतिया (मुंबई), हिन्दी सेवी शमीर्ला (सूरीनाम) की विशेष उपस्थिति रही। अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी संगठन के सक्रिय सदस्य राकेश कुमार त्रिपाठी ने इस ऑनलाइन कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने में तकनीकी सहयोग दिया।

## प्रापर्टी विवाद को लेकर फायरिंग करने वाले आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र के डांट मंडी में भाइयों में खानदानी प्रॉपर्टी को लेकर आपस में चल रहे विवाद के कारण घर के बाहर फायरिंग करने वालों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकडे.गये आरोपितों के नाम तरुण खेवड़िया निवासी डॉट मंडी, राहुल निवासी वाल्मीकि बस्ती ज्वालापुर बताए गए हैं। आरोपितों के कब्जे से 1 देशी तमंच, 1 खोखा राउंड व 2 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपितों से असलाह बरामद होने पर मुकदमे में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व 34 आईपीसी की बढ़ोतरी की गई है।

# तांशी आट्र्स द्वारा महिला उद्यमियों के उत्पादों की एग्जीबिशन "इंवॉग" आज से आरंभ

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
तांशी आट्र्स द्वारा महिला उद्यमियों को उनके उत्पादों को क्रय करने के लिए एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से इंवोग नाम से प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने किया। इस मौके पर गणेश जोशी ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा की इस तरह के आयोजनों से महिलाओं को काम करने की प्रेरणा मिलती



है। जानकारी देते हुए तांशी आट्र्स की डायरेक्टर स्मृति लाल ने बताया कि साल में दो बार समय-समय पर महिला उद्यमियों को उनके उत्पादों के बेचने के लिए एक मंच दिया जाता है यह एग्जिबिशन उनकी स्वयं की जगह पर वह आयोजित की जाती है जिसमें महिलाओं को मौका मिलता है कि वे उत्पादों को बेच सकें । स्मृति ने बताया कि हस्तनिर्मित वस्तुओं से लेकर कपड़ों आदि के स्टॉल यहां पर लगाए जाते हैं और कोशिश की जाती है कि ज्यादा से ज्यादा लोग आकर शॉपिंग करें।

# प्रतिबंधित मांस के साथ महिला गिरफ्तार, पति फरार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कोतवाली लक्सर पुलिस टीम ने सुल्तानपुर गांव में प्रतिबंधित मांस की बिक्री की सूचना पर छापेमारी कर प्रतिबंधित मांस बेच रही एक महिला को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि महिला सुल्तानपुर गांव की रहने वाली है। छापेमारी की भनक लगते ही महिला का पति फरार होने में कामयाब रहा। जिसके बाद पुलिस फरार आरोपित की तलाश में जुट गई है।
सुल्तानपुर गांव में एक दंपति गौ मांस बेचने का काम कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर सुल्तानपुर चौकी प्रभारी मनोज नौटियाल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने गांव में छापेमारी की। इस दौरान पाया गया कि महिला और उसका पति प्रतिबंधित मांस बेच रहे थे। तत्काल पुलिस ने मौके से महिला को तो गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका पति पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांस और उपकरण भी बरामद किए हैं।
इसके बाद पुलिस महिला को लक्सर कोतवाली ले आई। लक्सर कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि एक महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है, जो प्रतिबंधित मांस बेच रही थी। इस मामले में महिला के फरार पति की धरपकड़ के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के बाद गिरफ्तार महिला को न्यायालय में पेश कर दिया गया है। पशु चिकित्सक को बुलाकर प्रतिबंधित मांस का सैंपल लैब भेज दिया है।

# उत्तराखंड कांग्रेस ने 'आज की चिट्ठी' अभियान का किया शुभारंभ

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने शनिवार को 'आज की चिट्ठी' अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। इसके तहत हर रोज अलग-अलग विषयों पर प्रधानमंत्री और राज्य की धामी सरकार को चिट्ठी भेजी जाएगी। शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा और अनुशासन समिति के अध्यक्ष नवप्रभात, महानगर अध्यक्ष डा. जसविंदर सिंह गोगी, शीशपाल विष्ट, गरिमा दसौनी ने 'आज की चिट्ठी' पोस्टकार्ड अभियान का पत्रकारों की मौजूदगी में शुभारंभ किया।
इस दौरान माहरा ने बताया कि कांग्रेस



सत्याग्रह कर रही है। इसी के तहत आज की चिट्ठी का शुभारंभ किया है। यह चिट्ठी हर दिन अलग-अलग विषयों पर लिख सरकार का ध्यान आकर्षित किया जाएगा।
सीमा सुरक्षा, जोशी मठ आपदा, अंकिता भंडारी मामले, खनन, भर्ती परीक्षा,राज्य की कानून व्यवस्था सहित अन्य विषय शामिल रहेंगे। केन्द्र से जुड़े विषयों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य के विषयों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नाम भेजा जाएगा। इसके राज्यव्यापी अभियान के तहत जिला से लेकर ब्लॉक स्तर के कार्यकताओं के विषय को लिया जाएगा। गलत को लेकर ध्यान आकर्षित करने के लिए हर दिन हर एक मुद्दे पर चिट्ठी भेजी जाएगी। कांग्रेस मुख्यालय में इस कार्य के विधिवत कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

